बरेली, गुरुवार
26 जुलाई 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

Page No : 05 Right Side

एसआरएमएस के छात्रों ने मैटलैब सॉफ्टवेयर को जाना

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मैटलैब टूल्स एंड इट्स एप्लीकेशन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन बुधवार को प्रथम सत्र में एमपीएसएसपीएल नोएडा से आए विषय विशेषज्ञ अमित कुमार सिन्हा ने मैटलैब सॉफ्टवेयर की इन्स्टोलेशन प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रतिभागियों ने कम्प्यूटर लैब में अपने कम्प्यूटर पर मैटलैब सॉफ्टवेयर को इन्सटॉल किया तथा इसके प्रमुख मॉड्यूल की क्रियाविधि को समझा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र के दौरान आईजीडीटीयूडब्लू नई दिल्ली से आई विषय विशेषज्ञ प्रो . ईला कुमार ने मशीन लर्निंग क्षेत्र में मैटलैब टूल की उपयोगिता के बारे में बताया एवं कंप्यूटिंग क्षेत्र में मशीन लर्निंग के महत्व पर प्रकाश डाला। तीसरे तकनीकी सत्र में एमपीएसएसपीएल नोएडा से आए रोहित डैड ने कम्प्यूटर लैब में मैटलैब प्रोग्रामिंग को समझाया।